गोपनीय / अतिमहत्वपूर्ण

संख्या–1934 / 33–3–2012–128 / 2012

प्रेषक,

ताहिर इकबाल
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
परियोजना प्रबन्ध इकाई
पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि
उ0प्र0, लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 14 अगस्त, 2012

विषयः–पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि(बी0आर0जी0एफ0) योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रारम्भ से अबतक कराये गये कार्यो की जॉच के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बी0आर0जी0एफ0 योजनान्तर्गत प्रारम्भ से अबतक कराये गये कार्यो की प्राप्त जॉच आख्याओं में प्रकाश में आयी गम्भीर अनियमितताओं के दृष्टिगत सम्यक परीक्षणोपरान्त मामले में आर्थिक अपराध शाखा (ई0ओ0डब्लू0) से जॉच कराने का निर्णय लिया गया है। अस्तु उक्त के क्रम में कृपया निम्नलिखित कार्यवाही तत्काल करने का कष्ट करें :–

(1) भारत सरकार की गाइड लाइन तथा योजना की मूल अवधारणा का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। एच0पी0सी0 की संस्तुतियों को पुनः रिव्यू कर योजना को पारदर्शी बनाया जाय।

(2) जांच के दौरान संबंधित निर्माण कार्य एवं तत्संबंधी भुगतान पर पूर्ण रोक लगा दी जाय।

भवदीय,

(ताहिर इकबाल)
विशेष सचिव।